कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 3259 ई-आफिस / JJM / 2025-26 / 364 दिनाँक-.8...19../2025

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-03/09/2025 को मुख्य विकास अधिकारीअध्यक्षता में DPRO के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में की गयी, जिसमें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ AE श्री नितेन्द्र पाडेण्य जल निगम ग्रामीण, DC DPMU व दोनों फर्म वेलस्पन/VTL के **प्रो0 मैनेजर** एवं TPIA के कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं VTL एवं वेलस्पन के प्रो0 मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये -

1. यह की जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कम से कम 10 स्थान पर टोल फ्री नंबर अंकित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक के राजस्व ग्रामों में फोटो इत्यादि लेकर सत्यापन की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें तथा समस्त JE जल निगम ग्रामीण अपने भ्रमण के दौरान खंड विकास अधिकारी से उक्त के सम्बन्ध में आख्या प्राप्त करें।
2. यह कि अधिशाषी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि O&M की पेयजल परियोजना ताजपुर में खण्ड विकास अधिकारी का हस्ताक्षर हो गया है परंतु हर घर जल के प्रपत्र पर हस्ताक्षर की कार्यवाही नहीं हुयी है। इसी तरह माधोपुर (ब्लॉक कटेहरी) के पेयजल परियोजना में प्रेशर का प्रकरण है। निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र दोनों पेयजल परियोजनाओं में कार्य पूर्ण करके O&M की कार्यवाही की जाए। इसी तरह पेयजल परियोजना हथिनाराज (ब्लाक रामनगर) तथा हल्दिया जल्लापुर (ब्लॉक जहागीरगंज) में खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि दोनों पेयजल परियोजनाओं के O&M विवरण पत्र पर प्रधान के हस्ताक्षर करायें। प्रधान द्वारा हस्ताक्षर न किए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार नोटिस निर्गत किया जाए।
3. यह कि दोनों फर्म O&M की द्वितीय सूची में वर्णित 37 पेयजल परियोजनाओं में पायी गयी कमियों को मैंन पावर लगाकर 12 सितम्बर तक पूर्ण करके विवरण पत्र पर हस्ताक्षर हेतु खण्ड विकास अधिकारी को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे तथा खण्ड विकास अधिकारी 15 सितम्बर-2025 तक सत्यापन/हस्ताक्षर पश्चात अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेंगे।
4. यह कि समीक्षा बैठक के विवरण पत्र से स्पष्ट है कि कल IGRS पोर्टल की 373 एवं टोल फ्री नंबर से प्राप्त 07 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित हैं। शिकायतों का विवरण पत्र दोनों फार्मो के अलग-अलग तैयार किया जाए तथा यदि शिकायत एक माह से अधिक हो गयी हैं और उनका निस्तारण नहीं हुआ है तो उन्हें नियमानुसार नोटिस निर्गत किया जाए।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANAND KUMAR SHUKLA
Date: 07-09-2025
14:21:02

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर।

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर जल निगम ग्रामीण को सूचनार्थ।
6. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV